प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 14.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने श्रीअन्न के उपयोग को बढावा देने और ग्लोबल कैपेसिटी सेन्टर पॉलिसी लाने के निर्देश दिए।
- न्यायमूर्ति बी आर गवई आज देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे।
- राज्य में मेजर मिनरल के 22 ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया शुरु हुई।
- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से कुछ स्थानों पर आंधी के साथ बरसात हुई–कहीं कहीं ओले गिरे।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्ष 2025–26 की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा बैठक ली। कल मुख्यमंत्री निवास पर हुई बैठक में कई अहम फैसले लिये गये। इनमें श्रीअन्न के उपयोग को बढावा देने के लिए इसे सरकारी आयोजनों में शामिल करना, चिकित्सा महाविद्यालयों और संस्थानों में हॉस्पिटल मैनेजर का पद सृजित करने और निवेश बढ़ाने के उद्देश्य से ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर पॉलिसी लाने जैसे निर्णय शामिल रहे।

00000

मुख्यमंत्री ने कल ही राइजिंग राजस्थान के तहत हुए विभिन्न एमओयू के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इनमें पर्यटन, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा और स्वास्थ्य, वस्त्र तथा परिधान, ऑटोमोबाइल तथा इलेक्ट्रिक व्हीकल क्षेत्र में हुए एमओयू शामिल रहे।

00000

विदेश मंत्रालय ने कहा है कि केंद्रशासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर से जुड़े किसी भी मुद्दे पर भारत का रुख लंबे समय से कायम है। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस मामले पर भारत की नीति में कोई बदलाव नहीं आया है।

00000

सिंधु जल संधि पर पूछे गए सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि अब सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति के निर्णय के अनुसार, भारत इस संधि को तब तक स्थगित रखेगा, जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन देना बंद नहीं करता। एक अन्य सवाल के जवाब में, श्री जायसवाल ने कहा कि उभरते सैन्य हालात पर भारत और अमरीका के नेताओं के बीच कोई चर्चा नहीं हुई। श्री जायसवाल ने कहा कि भारत का मजबूत रुख है कि वह परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा और न ही इसका हवाला देकर सीमा पार आतंकवाद को संचालित होने देगा।

00000

न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई आज देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति भवन में एक विशेष समारोह में उन्हें शपथ दिलाएंगी। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का स्थान लेंगे, जो कल सेवानिवृत्त हो गए।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टी बी यानी क्षय रोग उन्मूंलन की भारत की प्रतिबद्धता स्पष्ट करते हुए प्रभावी रणनीतियों पर बल दिया है। उन्होंने तपेदिक की शीघ्र पहचान और सफल उपचार की दिशा में पिछले वर्ष हुई प्रगति की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कल राष्ट्रीय टी बी उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिक संक्रमण वाले जिलों में हाल में संपन्न सौ दिन के टी बी मुक्त भारत अभियान की भी समीक्षा की। इस अभियान के दौरान संक्रमण की आशंका वाले लगभग तेरह करोड़ लोगों की जांच की गई इनमें सात लाख 19 हजार लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई, जिनमें दो लाख 85 हजार लोगों में संक्रमण के लक्षण नहीं थे।

एक लाख से अधिक नए निक्षय मित्र इस अभियान में शामिल हुए। यह जनभागीदारी का उत्कृष्ट प्रमाण है।

00000

राज्य में मेजर मिनरल के 22 ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। खान और भूविज्ञान विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि नीलामी के लिए 21 मई तक निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। 22 ब्लॉकों में से 14 माइनिंग लीज और 8 कंपोजिट लाइसेंस ब्लॉकों की नीलामी के लिए 16 अप्रैल को निविदा सूचना जारी की गई थी। वहीं वाणिज्यिक कर विभाग की प्रवर्तन शाखा की ओर से जब्त की गई परचून सामग्री की सार्वजनिक नीलामी 21 मई को होगी। यह नीलामी पहले आज यानी 14 मई को होनी थी।

00000

हरियालो राजस्थान की थीम पर भरतपुर को हरा–भरा बनाने की दिशा में लगातार काम किये जा रहे हैं। इसके लिए वन विभाग की टीम ने तीन नर्सरियों में करीब 22 लाख 70 हजार पौधे तैयार किये हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि ये पौधे आगामी मॉनसून सीजन में आमजन के लिए उपलब्ध होंगे।

00000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कल कुछ स्थानों पर आंधी के साथ बरसात हुई। इसके साथ ही कहीं–कहीं ओले भी गिरे। राजधानी जयपुर सहित करीब नौ शहरों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। जयपुर में कई स्थानों और भीलवाडा तथा सीकर में चने के आकार के ओले गिरे। वहीं पश्चिमी इलाकों में भीषण गर्मी का प्रकोप रहा। 43 डिग्री सेल्सियस के साथ बीकानेर सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विभाग के अनुसार आज कोटा, उदयपुर, जयपुर और भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं आंधी के साथ बारिश हो सकती है। कल से आंधी बारिश की गतिविधियों में कमी आने और तापमान में बढोतरी की संभावना है।

00000

सरकार ने 23 सितम्बर को आधिकारिक रूप से आयुर्वेद दिवस घोषित किया है। आयुष मंत्रालय ने बताया कि गजट अधिसूचना के जरिये इसे अधिसूचित कर दिया गया है। पहले आयुर्वेद दिवस धनतेरस के दिन मनाया जाता था। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि अगले दशक में धनतेरस 15 अक्तूबर और 12 नवम्बर के बीच अलग अलग तिथियों पर पड़ेगा जिससे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयुर्वेद दिवस के आयोजनों में परेशानी आयेगी। आयुष मंत्रालय ने नागरिकों, स्वास्थ्य कर्मियों, शिक्षण संस्थानों और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों से नई तिथि अपनाने और हर साल 23 सितम्बर को आयुर्वेद दिवस आयोजनों में सक्रियता से भाग लेने का आग्रह किया।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 मई को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। इसके लिए 23 मई तक श्रोता अपने सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 के माध्यम से दिया जा सकता है। वहीं नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा।

000